न्यायालय जिला कलेक्टर, कोटा

पीठासीन अधिकारी– उज्ज्वल राठौड़, I.A.S.

अपील संख्या–17/2021 (सू0 का अधि0)

श्री भंवरलाल पुत्र श्री घनश्याम धाकड़ निवासी म0नं0 31 ए गायत्री विहार प्रथम बोरखेड़ा कोटा राज0

–अपीलार्थीया

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा

–प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 19 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोटा

निर्णय

दिनांक 07/12/2021

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि श्री भंवरलाल पुत्र श्री घनश्याम धाकड़ निवासी म0नं0 31 ए गायत्री विहार प्रथम बोरखेड़ा कोटा ने दिनांक 02.06.2021 को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा के यहाँ एक प्रार्थना पत्र पेश कर निम्न सूचना चाही गयी है –

1. वित्तीय वर्ष 1980 से वित्तीय वर्ष 1990 के बीच ग्राम गलाना ग्रामवासियों के बनाये गये प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि सूचना ।
2. वित्तीय वर्ष 1980 से वित्तीय वर्ष 1990 के बीच ग्राम गलाना निवासियों के राशन कार्ड की प्रतिलिपि सूचना।
3. दिनांक 4.3.2021 को मेरे द्वारा दी गई रिपोर्ट पर की गई सम्पूर्ण कार्यवाही की प्रतिलिपि ।

उपरोक्त सूचना समय पर नहीं मिलने के कारण प्रार्थी द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई, जो दिनांक 14.09.2021 को दर्ज रजिस्टर की गई । प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का सम्बन्ध उपखण्ड अधिकारी कोटा से होने से लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा द्वारा अपने पत्रांक/ सूचना/ प–104/ 2021/ 227 दिनांक 7.6.2021 से प्रार्थी का प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 की उपधारा (3) के अन्तर्गत अन्तरित किया जा चुका है जिसकी सूचना प्रार्थी को भी दी गई है ।

जिला कलक्टर
कोटा

हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी कोटा के पत्र दिनांक 07.06.2021 का अवलोकन किया । जिस अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का सम्बन्ध उपखण्ड अधिकारी कोटा से होने से लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा द्वारा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 की उपधारा (3) के अन्तर्गत अन्तरित किया जा चुका है जिसकी सूचना प्रार्थी को भी दी गई है । प्रार्थी अपीलार्थी को वांछित सूचना उपखण्ड अधिकारी कोटा से प्राप्त करनी चाहिए ।

अतः प्रस्तुत अपील इसी स्तर पर निस्तारित की जाती है । प्रार्थी अपीलार्थी वांछित सूचना उपखण्ड अधिकारी कोटा से सम्पर्क कर प्राप्त करें ।

निर्णय आज दिनांक 07.12.2021 को लिखाया गया ।

(उज्ज्वल राठौड़)
अपील अधिकारी एवं
जिला कलेक्टर, कोटा

जिला कलक्टर
कोटा